हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 20 अगस्त 2025

11 मौन मार्च निकालकर मनीषा को श्रद्धांजलि दी




12 विधायक ने गोशालाओं को सौंपे 16 लाख के चैक



## खबर संक्षेप

### फोन छीनकर खाते से निकाले 87 हजार

**बहादुरगढ़।** क्षेत्र में आपराधिक वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही। ताजा मामला जाखोदा गांव का है, जहां किसी शातिर ने एक बच्ची के हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और फिर खाते से 87 हजार रुपये निकाल लिए। जानकारी के अनुसार, बिहार मूल का बच्चन अपने परिवार सहित जाखोदा गांव में रह रहा है और एक कंपनी में कार्यरत है। सोमवार को उसकी 13 वर्षीय बेटी मोबाइल चला रही थी। इसी दौरान एक शख्स मोबाइल फोन छीनकर बदमाश फरार हो गया। इसके बाद खाते से 87 हजार रुपये निकाल लिए गए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक केस दर्ज नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर साफ हो पाएगी।

### परचून की दुकान में फिर हुई चोरी




**बहादुरगढ़।** जहांगीरपुर अड्डे पर स्थित परचून की दुकान एक बार फिर चोरों का निशाना बनी। झज्जर निवासी दुकानदार रोहताश ने बताया कि उनकी दुकान से चोर इन्वर्टर, सिगरेट के डिब्बे, बिस्कुट की पेटियां और अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित दुकानदार ने अधिकारियों को शिकायत दी, जिसके बाद बादली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इस दुकान में पहले भी कई बार चोरी की वारदात हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही वारदात को सुलझाने का प्रयास रहेगा।

### सट्टा खाईवाली करने वाले दो काबू, केस

**बहादुरगढ़।** सरेआम सार्वजनिक स्थान पर पर्चियों के माध्यम से सट्टा खाईवाली करने के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को काबू किया है। थाना लाइनपार प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर पर्चियों के माध्यम से चार्ट पर पशु, पक्षियों के चित्र लगाकर सट्टा खाई करने के मामले में थाना में मुन्नालाल निवासी छोटूराम नगर तथा परनाला निवासी एक लड़के को काबू किया गया। मौके पर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 2680 रुपए नगद और पोस्ट चार्ट बरामद हुआ। दोनों के खिलाफ थाना लाइनपार में जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ।

### छात्रवृत्ति को ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए अनुसूचित जाति, घुमंतु, अर्धघुमंतु, टपरीवास, पिछड़े वर्ग तथा सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए डॉक्टर बीआर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 31 जनवरी 2026 तक आवेदन किए जा सकेंगे।

### पोर्टल पर पंजीकरण करवाना जरूरी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि खरीफ फसलों की बुआई कर चुके किसान अपनी फसल का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अवश्य करवाएं। सरकार ने किसानों के हित को देखते हुए पंजीकरण की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाकर अब 31 अगस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली फसल केवल उन्हीं किसानों से खरीदी जाएगी, जिनका पंजीकरण इस पोर्टल पर हुआ होगा।

# 220 करोड़ का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया, 20 हजार से अधिक के बकाएदारों को नोटिस देगी नप

**बड़ी तैयारी**

- 85 करोड़ के प्रॉपर्टी टैक्स नोटिस वितरित किए, 2 करोड़ 20 लाख की हुई रिकवरी
- वसूली के लिए 3840 लोगों को देंगे नोटिस, पहले 50 बड़े डिफाल्टरों को दे चुके नोटिस
- सरकारी विभागों पर भी करीब 9 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया
- सबसे ज्यादा पब्लिक हैल्थ पर 3 करोड़ 84 लाख, हशविप्रा पर 65 लाख, रेलवे पर 75 लाख बकाया
- रेलवे पर 75 लाख, खेल विभाग पर 46 लाख, ग्राम विकास विभाग पर 16 लाख 86 हजार बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद ने 220 करोड़ रुपए के बकाया प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली के लिए मेगा अभियान छेड़ दिया है। अब तक 85 करोड़ रुपए रिकवरी के लिए नोटिस भी दिए जा चुके हैं। शुरू में नगर परिषद ने 50 बड़े डिफाल्टरों समेत एक लाख से उपर के बकाएदारों को नोटिस दिए थे। अब परिषद ने 20 हजार रुपए से अधिक के टैक्स बकाएदारों को भी नोटिस देने की तैयारी कर ली है। नगर क्षेत्र के सरकारी विभागों पर भी करीब 9 करोड़ से ज्यादा का बकाया है। जिनमें सबसे ज्यादा पब्लिक हैल्थ पर 3 करोड़ 84 लाख, हशविप्रा पर 65 लाख, रेलवे पर 75 लाख, खेल विभाग पर 46 लाख, ग्राम विकास विभाग पर 16 लाख 86 हजार, टूरिज्म पर 23 लाख 65 हजार, हरियाणा रोडवेज पर 19 लाख, पीडब्ल्यूडी पर 9 लाख 19 हजार और बीएसएनएल पर 4 लाख 66 हजार का बकाया शामिल है। इनके अलावा कुछ अन्य बड़े डिफाल्टर हैं, जिनमें बड़ी औद्योगिक ईकाई भी शामिल हैं। इने बड़े डिफाल्टरों को दो-दो बार नोटिस दिए जा चुके हैं। अब फाइनल नोटिस के बाद इन संस्थानों को सील करने की तैयारी में भी नगर परिषद जुट गई है।



बहादुरगढ़। प्रॉपर्टी टैक्स के नोटिस तैयार करने में जुटे नप क्लर्क दीपक बेनीवाल।

**वित्त वर्ष में प्रॉपर्टी टैक्स से 11 करोड़ की आय का अनुमान**



नगर परिषद के सचिव प्रवीण कुमार ने बताया कि करीब 220 करोड़ रुपए प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। अब तक 85 करोड़ रुपए की रिकवरी के नोटिस दिए गए हैं। जिनसे 2 करोड़ 20 लाख रुपए की रिकवरी भी हो चुकी है। अब 20 हजार रुपए से अधिक बकाए वाले 3840 प्रॉपर्टी मालिकों को नोटिस दिए जा रहे हैं। उन्होंने समय रहते हुए अपना टैक्स नही चुकाया तो उनके भवनों को सील भी किया जाएगा। इसके लिए विभागीय स्तर पर तैयारी की जा रही है। उनके अनुसार परिषद ने वित वर्ष में प्रॉपर्टी टैक्स से 11 करोड़ की आय का अनुमान लगाया है। उन्होंने दावा किया कि इस लक्ष्य को वर्तमान वित वर्ष में हासिल कर लिया जाएगा।

# गला कटने से महिला की मौत, सुसाइड की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर शुरू की कार्रवाई

शहर के सेक्टर-9ए में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की गला कटने से मौत का मामला सामने आया है। यहां एक मकान में लकड़ी काटने वाले कटर से गला कटने से महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान करीब 40 वर्षीय रजनी पत्नी राजीव के रूप में हुई है। घटना के समय वह घर पर अकेली थी। बताया जा रहा है कि डिप्रेशन के चलते महिला ने खुद का गला काटकर आत्महत्या की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। बहादुरगढ़ के सेक्टर-9ए में स्थित मकान नंबर-2478 में राजीव अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रह रहा था। एयर इंडिया में सीनियर एसोसिएट के पद पर कार्यरत राजीव के घर में रिनोवेशन चल रही है। मॉड्यूलर किचन बनाने के लिए उसके घर पर कारपेंटर काम लगे थे। मंगलवार सुबह राजीव जूस लेने के लिए बाजार गया था। जब वह वापस लौटा तो घर के अंदर से इलेक्ट्रॉनिक ग्राइंडर चलने की आवाज आ रही थी, लेकिन उसकी पत्नी दरवाजा नहीं खोल रही थी। तब उसने जाली का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया तो हैरान रह गया। फर्श पर उसकी पत्नी रजनी का रक्तरंजित शव पड़ा हुआ था। रजनी के गले पर इलेक्ट्रॉनिक कटर से काटने का निशान था। राजीव उसे तुरंत शहर के ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल लेकर गया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने रजनी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस और सीन ऑफ क्राइम टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटना के बाद से आसपास के लोग भी हैरान हैं।



बहादुरगढ़। अस्पताल में रजनी के शव के साथ परिजन व परिचित

**दो साल से डिप्रेशन का इलाज भी चल रहा था**

डीसीपी मयंक मिश्रा के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त घर में रजनी के अलावा कोई नहीं था। रजनी का पिछले 2 साल से डिप्रेशन का इलाज भी चल रहा था। वहीं रजनी के परिजनों ने भी हत्या की आशंका जाहिर नहीं की है। इसलिए पुलिस ने फिलहाल मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया है। जहां डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा उसका पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। अगर कुछ भी संदिग्ध निकलता है, तो उसके अनुसार की जाएगी।

# पुलिस और नप कर्मियों ने हटवाया अतिक्रमण




झज्जर। स्टैंडी बोर्ड को ट्राली में डालते हुए नप कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- दुकानों के बाहर सड़क पर लगाए गए बैनर, स्टैंडी, कैनोपी जब्त
- अंबेडकर चौक, पुराना बस स्टैंड रोड व अन्य जगह कार्रवाई

मंगलवार को पुलिस और नप टीम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चला कर शहर के विभिन्न स्थानों से अतिक्रमण हटवाया गया। सुबह करीब दस बजे से लेकर दोपहर करीब एक बजे तक चले इस अभियान के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज नरेश संधु के नेतृत्व में पुलिस व नप कर्मचारियों की टीम ने अंबेडकर चौक, पुराना बस स्टैंड रोड, छिक्कारा चौक से होते हुए धौड़ चौक का निरीक्षण किया तथा दुकानों के बाहर सड़क पर रखे सामान को ट्रैक्टर-ट्राली में डलवाया गया। इस दौरान टीम सदस्यों ने दुकानों के बाहर लगी स्टैंडी, बैनर, कैनोपी और काउंटर आदि को जब्त कर लिया गया।

# पीजी की ओपन काउंसलिंग बंद

**झज्जर।** मंगलवार को विभिन्न कॉलेजों की स्नातकोत्तर कक्षाओं की ओपन काउंसलिंग बंद हो गई जबकि स्नातक कक्षाओं के नए आवेदनों के लिए पोर्टल अभी खुला हुआ है। स्नातक कक्षाओं के दाखिले 24 अगस्त तक होंगे। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि अब तक स्नातकोत्तर की विभिन्न कक्षाओं में एमए अंग्रेजी के 29, एमए भूगोल के 20, एमए हिंदी के 30, एमए जनसंचार एवं पत्रकारिता के 14, एमए मनोविज्ञान के 20, एमकॉम के 27, एमएससी कंप्यूटर विज्ञान के 12 और एमएससी गणित के 23 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। उन्होंने बताया कि नेहरू महाविद्यालय में एमए हिंदी की कुल सीटें 30, एमए अंग्रेजी की 30, एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार की 30, एमए मनोविज्ञान की 40, एमए भूगोल की 40, एमएससी गणित की 40, एमएससी कंप्यूटर विज्ञान की 40 और एमकॉम की 120 सीटें हैं। जबकि बीए में 348, बीबीए में 60, बीकॉम में 39, बीसीए में 67, बीएससी लाइफ साइंस में 48, बीएससी फिजिकल साइंस में 29 और बीएससी गणित में 21 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है।



# मेट्रो स्टेशन के नीचे एमआईई का प्रवेश मार्ग जलभराव व गड्ढों से हुआ जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आधुनिक औद्योगिक संपदा (एमआईई) में प्रवेश करने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों शहरवासियों और उद्योगपतियों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। पंडित श्रीराम मेट्रो स्टेशन के नीचे बने इस प्रवेश मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं और बारिश के बाद तो हालात बिगड़ गए हैं। पानी भर जाने से सड़क तालाब जैसी नजर आती है।

बता दें कि इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों हल्के और भारी वाहन गुजरते हैं। ट्रक और कंटेनर औद्योगिक क्षेत्र में माल लेकर आते हैं, लेकिन गड्ढों और जलभराव के कारण उन्हें निकलने में भारी दिक्कत होती है। कई बार वाहन बीच रास्ते फंस जाते हैं, जिससे लंबा जाम लग जाता है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी यह रास्ता खतरनाक हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन बाइक सवार और राहगीर गड्ढों व पानी में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। रात के समय तो जलभराव के कारण सड़क और गड्ढे बिल्कुल दिखाई नहीं देते, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है।



बहादुरगढ़। मेट्रो स्टेशन के नीचे एमआईई के एंट्री प्वाइंट पर गड्ढों में भरा पानी।

**औद्योगिक गतिविधियां प्रभावित हो रही**

उद्योगपति सुरेंद्र सिंह, विकास आनंद और नरेंद्र ने बताया कि खराब सड़क और जलभराव की वजह से माल का आवागमन प्रभावित हो रहा है। कई बार अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रवासियों और उद्यमियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग की तुरंत मरम्मत करवाई जाए और पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है और औद्योगिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

# सौंदर्यीकरण का कार्य जोरों पर, बाहरी पुल की दीवारों पर बनाई जा रही प्रेरणादायक पेंटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर को सुंदर और प्रेरणादायक स्वरूप देने के उद्देश्य से इन दिनों आर्कषक व प्रेरणादायक चित्रकारी बनाने का कार्य जोरों पर चल रहा है। नगर परिषद द्वारा खास तौर पर शहर के बाईपास पर बने पुल की दीवारों पर प्रसिद्ध खिलाड़ियों व अमर शहीदों की चित्र बनवाए जा रहे है। ये चित्र न सिर्फ शहर की खूबसूरती बढ़ाने का कार्य करेंगे, बल्कि नागरिकों और आने-जाने वाले लोगों में देशभक्ति और खेलों के प्रति भी जागरूक करेंगे। मंगलवार को नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने शहर के गुढ़ा गांव बाईपास पुल और गुरूग्राम मार्ग बाईपास पुल के नीचे किए जा रहे कार्य का अवलोकन करते हुए कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह पहल शहर के सौंदर्य को नया आयाम देने के साथ-साथ हमारी नई पीढ़ी को प्रेरणा देने का कार्य भी करेगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी इसी तरह की रचनात्मक पहल की जाएगी, जिससे शहर की एक नई पहचान बनेगी। इस दौरान नगर पार्षद जयपाल सिंह बांगड़, नरेश उर्फ आलू, पार्षद प्रतिनिधि नवीन छाबड़ा उर्फ बिट्टू भी मौजूद रहे।





झज्जर। निरीक्षण के दौरान गुरूग्राम बाईपास पर पेंटर को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी।

**शहीदों व खिलाड़ियों की पेंटिंग**

इन दीवारों पर शहीद भगत सिंह, राजगुरू, चंद्रशेखर, सुभाष चंद्र बोस जैसे अमर शहीदों और मनु भाकर, पीटी उषा, मेजर ध्यान सिंह जैसे बेहतरीन खिलाड़ियों के चित्र बनाए जा रहे है। इन चित्रों के ऊपर लाईटिंग की व्यवस्था की जाएगी, बल्कि इनके रखरखाव के लिए भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इन दीवारों पर पोस्टर, होर्डिंग्स लगाने वालों के खिलाफ भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तीन किलो गांजे की खेप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, एक रिमांड पर



झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ।

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा कच्चा बेरी मार्ग स्थित शिव मंदिर के नजदीक से नशीला पदार्थ गांजा सहित दो आरोपियों को पकड़ा गया है। सीआईए टू प्रभारी बहादुरगढ़ प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा शिव मंदिर के नजदीक नाकाबंदी की गई। पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर एक गाड़ी को रूकवाते हुए उसमें बैठे दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्तियों की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से तीन किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान संदीप और वीरेंद्र के तौर पर की गई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपी संदीप को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया, जबकि दूसरे आरोपी वीरेंद्र को जेल भेजा गया है।

### ड्रंक एंड ड्राइव के 29 चालान किए

**बहादुरगढ़।** पुलिस द्वारा लगातार वाहन चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए लगातार जागरूक करने के साथ ही दंडित भी किया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार की रात को विशेष अभियान चलाया गया। रात के समय विशेष नाके लगाकर चैकिंग की गई। थाना यातायात प्रबंधक महेश कुमार ने बताया कि ड्रिंक एंड ड्राइव करते हुए जिले भर में 29 वाहन चालकों के चालान किए गए। जबकि 2 वाहनों को इंपाउंड भी किया गया है। सेफ ड्राइविंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया।



# अली फजल की नई वेब सीरीज राख का ऐलान

**नई दिल्ली।** अली फजल न केवल फिल्मी दुनिया, बल्कि ओटीटी पर भी कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कई वेब सीरीज में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह फिर से नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं जिसकी अनाउंसमेंट भी हो गई है। ओटीटी की नई वेब सीरीज में अली फजल पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाने वाले हैं। सीरीज की कहानी थ्रिल और सस्पेंस से भरी होने वाली है जो अपराध और न्याय के इर्द-गिर्द घूमेगी। एंडेमोलशाइन इंडिया और गुलबदन टॉकीज के बैनर तले बनी सीरीज एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर होगी। इस वेब सीरीज का नाम राख है। इस सीरीज का निर्देशन प्रोसित रॉय कर रहे हैं।

लाइफ Style

# हुमा

## खुद कहानियां बनाने का किया फैसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में निर्माता बनने के फैसले को लेकर कई खुलासे किए। साथ ही उन्होंने बताया कि आखिर वह निर्माता क्यों बनना चाहती हैं। हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम जल्द ही अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म 'बेबी डू डाई डू' रिलीज करने वाली हैं।

अभिनय के अलावा, दोनों ने अब निर्माता बनने का फैसला किया है, ताकि वे अच्छी कहानियों को खुद चुन सकें और उन्हें दर्शकों तक पहुंचा सकें। हुमा का कहना है कि अभिनेत्री के तौर पर उन्हें हमेशा दूसरों के चुने हुए रोल पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे उनमें निराशा थी, क्योंकि वे और भी बहुत कुछ कर सकती थीं। इसीलिए, उन्होंने और साकिब ने खुद कहानियां बनाने का फैसला किया। उनकी पहली प्रोडक्शन फिल्म जल्द रिलीज होगी और इसके बाद हुमा एक इन्वेस्टिगेटिव फिल्म 'बयान' में नजर आएंगी। 39 साल की हुमा ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। इस लिस्ट में गैंग्स ऑफ वासेपुर, डेढ़ इश्किया और जॉली एलएलबी 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। अब वह नई और अच्छी कहानियां लाना चाहती हैं। वे कहती हैं कि उन्होंने और साकिब ने दूसरों के मौके का इंतजार करने के बजाय खुद मौके बनाने का फैसला किया। वे अपने प्रोडक्शन हाउस को ऐसा बनाना चाहती हैं, जहां नए चेहरों को मौका मिले और काम का माहौल बेहतर हो। हुमा का कहना है कि वे दूसरों की गलतियों को नहीं दोहराएंगी। भविष्य में वे बड़ी फिल्में बनाना चाहेंगी, लेकिन नए टैलेंट को मौका देने की कीमत पर नहीं।



हॉलीवुड मसाला



## 25 फिल्मों के बाद भी कम नहीं हुआ क्रेज

**नई दिल्ली।** जेम्स बॉन्ड एक फिक्शनल जासूस कैरेक्टर है, जिसे ब्रिटिश राइटर इयान फ्लेमिंग ने 1953 में बनाया था। पहली फिल्म से मशहूर होने के बाद जेम्स बॉन्ड पर 25 फिल्में बन चुकी हैं। लेकिन, अभी भी दर्शकों के साथ-साथ फिल्म मेकर्स का इस कैरेक्टर को लेकर क्रेज खत्म नहीं हो रहा है। बॉन्ड फिल्में अपने साउंडट्रैक समेत कई बेहतरीन चीजों के लिए जाना जाता है। इसके थीम सॉन्ग्स को कई बार ऑस्कर में नॉमिनेश और तीन बार अवॉर्ड भी मिले। ज्यादातर फिल्मों में बॉन्ड की कारें, उनकी बंदूकें और बॉन्ड गर्ल्स को काफी पसंद किया गया है।




## बैटमैन की आ चुकी हैं 18 मूवीज 10 एक्टर्स बने सुपरहीरो

**नई दिल्ली।** डीसी फिल्म्स ने सुपरहीरो मूवीज की शुरुआत की और सुपरमैन के बाद सबसे हिट फ्रेंचाइजी बैटमैन थी। बैटमैन की 18 मूवीज आ चुकी हैं। 10 एक्टर्स सुपरहीरो बने। बैटमैन पहली बार बड़े पर्दे पर 1943 में पहुंचा था। इसका निर्माण कोलंबिया पिक्चर्स ने किया था। यूं तो यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह एपिसोडिक थी। इसके कुल 15 चैप्टर सिनेमाघरों में रिलीज हुए थो जो हफ्ते में एक बार आते थे। उस वक्त बैटमैन का किरदार लैम्बर्ट हिलियर ने निभाया था और उन्होंने अपने किरदार में जान फूंक दी थी। यह सीरीज इतनी हिट हुई थी कि इसे कोलंबिया पिक्चर्स ने 1954 और 1962 में री-रिलीज किया था। बैटमैन डीसी कॉमिक्स का एक फिक्शनल कैरेक्टर है। इसका असली नाम ब्रूस वेन है जो बहुत अमीर है और गौथम शहर में रहता है।



## डर के बाद पहली बार पहुंचे यशराज स्टूडियो

**मुंबई।** सनी देओल और यशराज फिल्म्स ने साल 1993 में बॉलीवुड को ब्लॉकस्टर फिल्म 'डर' दी थी। लेकिन, इसके बाद उसने फिर दोबारो कभी यश चोपड़ा और आदित्य चोपड़ा के साथ काम नहीं किया। कथित तौर पर सनी देओल का सेट पर वाईआरएफ से झगड़ा हुआ था। लेकिन, अब 30 साल बाद अचानक सनी को आदित्य चोपड़ा के स्टूडियो के बाहर देखा गया। कयास लगने शुरू हो गए कि शायद तीन दशक पुरानी रार अब खत्म हो गई है। चर्चा यह भी शुरू हुई कि क्या 30 साल बाद यह जोड़ी फिर से किसी नई फिल्म की तैयारी में है! सनी देओल यकीनन वाईआरएफ के स्टूडियो पहुंचे थे। लेकिन, यह किसी फिल्म के लिए मुलाकात नहीं थी। असल में एक्टर वहां संगीतकार मिथुन से मिलने गए थे, जिन्हें उन्होंने अपनी अगली फिल्म के लिए साइन किया है।



## कांतारा चैप्टर-1 में गुलशन बनेंगे कुलशेखर

**मुंबई।** कांतारा चैप्टर 1 की रिलीज में जहां अब डेढ़ महीने का वक्त बचा है, वहीं मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की कास्ट से गुलशन देवैया का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया है। वह फिल्म में कुलशेखर के किरदार में नजर आएंगे। कांतारा चैप्टर 1 ऋषभ शेट्टी की साल 2022 में रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है। यह वह फिल्म है, जिसने कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाइयां दीं। महज 16 करोड़ के बजट में बनी और देश में 309.64 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। यही नहीं, ऋषभ शेट्टी को इसके लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला। 'कांतारा' की रहस्यमयी दुनिया में गुलशन देवैया के किरदार की पहली झलक अपने आप में उत्सुकता को बढ़ाने वाली है। पोस्टर में गुलशन का किरदार शाही अंदाज में सिंहासन पर विराजमान है।

टीवी मसाला




## बिंजोला परिवार के आने से गोकुलधाम में बढ़ेगी रौनक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जब भूतनी वाला ट्रैक जोड़ा गया तो यह तीन हफ्ते लगातार टीआरपी में नंबर वन रहा, पर इसके बाद इसकी टीआरपी गिर गई। अब मेकर्स एक और ट्विस्ट लेकर आए हैं। 'तारक मेहता' की गोकुलधाम सोसाइटी में अब एक नए परिवार की एंट्री हो गई है, जो ट्विस्ट के साथ कॉमेडी का जायका और बढ़ाएगी। इस परिवार के आने से अब शो में न सिर्फ नए किरदारों की एंट्री हुई है, बल्कि दर्शकों को नई कहानी और नया फ्लेवर देखने को मिलेगा। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में धरती भट्ट, कुलदीप गौर, अक्षान सहरावत और माही भद्रा की नई एंट्री हुई है। कुलदीप गौर शो में रतन बिंजोला नाम के साड़ी बेचने वाले दुकानदार का रोल निभाएंगे, जो जयपुर का रहने वाला है। धरती भट्ट, रतन बिंजोला की पत्नी रूपा के रोल में नजर आएंगी। रूपा एक हाउसवाइफ ही नहीं, बल्कि कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी है। वहीं, अक्षान सहरावत और माही दोनों रतन और रूपा के बच्चों का किरदार निभाएंगे। 'तारक मेहता' में अभी तक टप्पू सेना की थी, जिसने अपनी मासूमियत और शरारतों से गोकुलधाम के निवासियों का ही नहीं, बल्कि दर्शकों भी दिल जीत लिया था। अब टप्पू सेना के अलावा सोसाइटी में दो नए बच्चे आए हैं, जो दर्शकों का दिल जीतने के लिए कमर कस चुके हैं।

### केबीसी में दिहाड़ी मजदूर के बेटे ने जीते 25 लाख

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के लेटेस्ट एपिसोड में हॉट सीट पर गुजरात के दिहाड़ी मजदूर के बेटे संजय देगामा बैठे। अमिताभ बच्चन ने 'फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' राउंड करवाया, जिसमें संजय देगामा के अलावा




स्नेहा ज्वारे को 'जल्दी 5' राउंड खेलने के लिए चुना गया। इसमें संजय देगामा जीते और उन्होंने हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला। संजय देगामा ने 25 लाख रुपए जीते, पर 50 लाख रुपए के लिए पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दे सके। अमिताभ बच्चन ने संजय से जो सवाल पूछा था, वह था: साल 1973 में हैंस एन्गार्ट को हराकर कौन से भारतीय विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंचे थे? इसके चार विकल्प दिए गए थे- ए) चिरादीप मुखर्जी, बी) गौरव मिश्रा, सी) जयदीप मुखर्जी और डी) नंदन बाल। संजय देगामा को इसका जवाब मालूम नहीं था, इसलिए उन्होंने गेम छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, क्विट करने के बाद उन्होंने 50 लाख के सवाल का जवाब दिया। उन्होंने ऑप्शन बी) गौरव मिश्रा चुना, जो गलत जवाब था। सही जवाब ऑप्शन ए) चिरादीप मुखर्जी था।

# शोलेः एक फिल्म जिसने रचे कई कीर्तिमान



डॉ.वशिष्ठ.एम.सी

दशकों से भारतीय दर्शकों का पसंदीदा रही फिल्म ''शोले'' इस साल 50 साल की हो जाएगी। 15 अगस्त, 1975 को यह फिल्म रिलीज़ हुई थी। बॉलीवुड के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई इस फिल्म के लेखक सलीम-जावेद थे, निर्माता जी. पी. सिप्पी थे और निर्देशक रमेश सिप्पी थे। मुख्य भूमिकाएँ संजीव कुमार, हेमा मालिनी, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, जयाभादुरी, अमजद खान, असरानी और अन्य कलाकारों ने निभाई थीं। शोले का मूल विषय अच्छाई और बुराई के बीच की लड़ाई है। फ़िल्म की कहानी एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी (संजीव कुमार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कुख्यात डाकू गब्बर सिंह (अमजद खान) को पकड़ने के लिए दो अपराधियों, वीरू (धर्मेंद्र) और जय (अमिताभ बच्चन) को काम पर रखता है। इसके अलावा, हेमा मालिनी और जया भादुड़ी ने बसंती और राधा की भूमिकाएँ निभाई हैं, जो वीरू और जय की प्रेमिकाएँ हैं। आर. डी. बर्मन ने संगीत दिया है।दो हीरो होने के बावजूद, अमिताभ बच्चन को इस फिल्म से फायदा हुआ। परिणामस्वरूप वे सुपरस्टार बन गए। शोले के बाद अमिताभ बच्चन ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा; उनका स्टारडम बढ़ता गया और उनकी फिल्में व्यावसायिक रूप से अधिक सफल होती गईं। संक्षेप में शोले ने अमिताभ को एक अखिल भारतीय सुपरस्टार बना दिया। ''एंग्री यंग मैन'' के उनके चित्रण को भारत में व्यापक रूप से अपनाया गया। राजेश खन्ना के युग से लेकर अमिताभ बच्चन के युग तक, बॉलीवुड में रोमांटिकतावाद से एक्शन और हिंसा की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव आया। यह फिल्म 15 अगस्त, 1975 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और भारत में आंतरिक आपातकाल के दौरान रिलीज़ हुई थी। शोले के प्रिंट 70 मिमी और 35 मिमी में उपलब्ध थे। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को एक नया खलनायक दिया, अमजद खान, जिन्होंने गब्बर सिंह की भूमिका निभाई। अमजद खान की गब्बर, गब्बर सिंह गुज्जर का एक काल्पनिक संस्करण है, जो एक वास्तविक डाकू था जिसने 1950 के दशक में ग्वालियर के आस-पास के गाँवों में आतंक मचा रखा था। आनंद बख्शी द्वारा लिखित, आर.डी. बर्मन द्वारा संगीतबद्ध और किशोर कुमार व मन्ना डे द्वारा गाए गए इस फ़िल्म के एक प्रसिद्ध गीत 'ये दोस्ती' को सर्वश्रेष्ठ दोस्ती गीत कहा जाता है। 'महबूबा महबूबा' को इसके संगीतकार आर.डी. बर्मन ने गाया था, जिन्हें उनके अभिनय के लिए पार्श्व गायन के एकमात्र फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। फ़िल्मों के संवाद जैसे 'कितने आदमी थे, 'जो डर गया, समझो मर गया', और 'बहुत याराना लगता है' आदि भारत में लोकप्रिय हो गए हैं। लोग इन और अन्य सामान्य बोलचाल की भाषाओं का प्रयोग अपनी रोज़मर्रा की बातचीत में करने लगे हैं। हर तरह से, इस फिल्म ने सामान्य रूप से भारतीय सिनेमा और विशेष रूप से बॉलीवुड के लिए एक मानक स्थापित किया। शोले को अभी भी एक ऐसी फिल्म के रूप में माना जाता है जिसने दूसरों के लिए मार्ग प्रशस्त किया, भले ही भारतीय सिनेमा ने तब से काफी प्रगति की है। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट द्वारा 2002 के एक सर्वेक्षण में शोले को अब तक की शीर्ष 10 भारतीय फिल्मों में स्थान दिया गया था। शोले की अर्ध शताब्दी वर्षगांठ के अवसर पर, यह फिल्म एक नई पीढ़ी को रोमांचित करने के लिए - पचास वर्षों के अंतराल के बाद - फिर से सिनेमाघरों में आ रही है।




## किरदार, संवाद और दोस्ती बनी भारत की सामूहिक याद

जब संवाद, पात्र और दृश्य लोकप्रिय लोककथाओं का हिस्सा बन जाते हैं, राष्ट्रीय स्मृति के ताने-बाने में समा जाते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी चलते रहते हैं, तब सिनेमा का जादू महसूस होता है। 'शोले' ऐसी ही फिल्म है, और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने फिल्म देखी है या नहीं। इस फिल्म को रिलीज हुए 50 साल हो गए हैं। यह एक 'कल्ट क्लासिक' बन चुकी है जिसे आज भी लोग देखते हैं और जिसका जिक्र लगभग हर मौके पर किया जाता है। और फिर, बैठक में देर से आने वाला कोई व्यक्ति जब कहता है, 'इतना सन्नाटा क्यों है भाई' तो सभी मुस्कुरा उठते हैं. जुड़ाव तुरंत हो जाता है। इस फिल्म से सभी अच्छी तरह वाकिफ हैं। रमेश सिप्पी की यह उत्कृष्ट कृति, जिसमें हास्य और रोमांस, मारधाड़ और त्रासदी का मिश्रण था, 15 अगस्त, 1975 को रिलीज हुई थी और इसकी अवधि तीन घंटे से ज्यादा थी। शुरुआत में इसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन बाद के हफ्तों में इसका जादू छा गया। यही वह समय था जब 70 मिमी के परदे पर इतिहास रचा जा रहा था। संजीव कुमार, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमामालिनी, जया बच्चन और 'गब्बर सिंह' का किरदार निभाने वाले अमजद खान समेत सभी कलाकारों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। लेकिन ठाकुर, जय, वीरू, बसंती और गब्बर ही ऐसे कलाकार नहीं हैं जो समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। एक-दो दृश्यों में मौजूद कई चरित्र कलाकारों को भी याद किया जाता है. कुछ को उनके संवादों के लिए याद किया जाता है। ए.के. हंगल द्वारा निभाया गया वृद्ध व अंधा पिता, जो इस बात से अनजान है कि उसका बेटा मारा गया है और वह पूछ रहा है कि लोग इतने शांत क्यों हैं या मैकमोहन, जो सांबा के रूप में प्रसिद्ध हुए और बस एक संवाद 'पूरे पचास हजार' बोला। मौसी, सूरमा भोपाली, 'अंग्रेजों के ज़माने के जेलर', कालिया याद हैं। ये फिल्म के कई किरदारों में से कुछ हैं, जो दर्शकों को हंसी से लेकर, डर तक महसूस कराते हैं। हर किरदार अपने आप में नायाब है। सलीम-जावेद की प्रसिद्ध पटकथा लेखक जोड़ी के एक सदस्य जावेद अख्तर ने कहा, 'ये (संवाद) भारतीय संस्कृति और आम बोलचाल का हिस्सा बन गए हैं। 50 साल पहले बनी एक फिल्म और आज तक इसके संवाद स्टैंड-अप कॉमेडी में इस्तेमाल किए जाते हैं। इसके संदर्भ दूसरी फिल्मों में भी इस्तेमाल किए जाते हैं और भाषा में भी, यहां तक कि राजनीतिक भाषणों और अन्य जगहों पर भी 'सलीम खान के साथ मिलकर इस फिल्म की पटकथा लिखने वाले अख्तर ने कहा कि फिल्म का कैनवास ऐसा था कि यह कालातीत हो गई। अख्तर ने कहा, 'इसमें सभी मानवीय भावनाओं का मिश्रण था। इसके लिए कोई सचेत प्रयास नहीं किया गया। यह बस हो गया।' फिल्म विद्वान, इतिहासकार और 'क्यूरेटर' अमृत गंगर के अनुसार, ''यह ऐसी बेहतरीन फिल्म है जिसमें सब चीजें थीं। भोजन की ऐसी थाली जिसमें कई व्यंजन होते हैं।'' उनके विचार से, जनता की कल्पना पर इस तरह का प्रभाव डालने वाली एकमात्र अन्य फिल्म 'मुगल-ए-आजम' है। उन्होंने कहा, ''शोले' बिना किसी भव्यता के जादू करती है, लेकिन इसमें शब्दों की ताकत है।'' 'मुगल-ए-आजम' एक ऐतिहासिक प्रेमकथा है, जबकि 'शोले' आजादी के बाद के ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है। महिला किरदारों से फिल्म में चार चांद लग जाता है, चाहे वो बड़बोली व तांगा चलाने वाली बसंती (हेमामालिनी) हो या खामोश विधवा राधा (जया बच्चन), बसंती और वीरू के बीच के चुलबुले रोमांस को जय और सफ़ेद साड़ी पहनने वाली विधवा के बीच के अनकहे प्यार के साथ खूबसूरती से पेश किया गया है और दोनों ही आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। प्रतिशोधी ठाकुर (संजीव कुमार) एक ईमानदार और प्रगतिशील व्यक्ति है जो चाहता है कि उसकी बहू को फिर से प्यार मिले। सलीम-जावेद न सिर्फ़ समय के साथ चलने की कोशिश कर रहे थे, बल्कि उससे आगे भी थे। उनकी कल्पना ने हिंदी सिनेमा के सबसे चर्चित खलनायक को जन्म दिया। गब्बर सिंह, बिना किसी पृष्ठभूमि वाले डाकू ने ख़तरनाक शब्द को नयी परिभाषा दी। उनके कई संवाद बार-बार दोहराये जा चुके हैं- 'कितने आदमी थे', 'जो डर गया, समझो मर गया', 'पचास, पचास कोस...'फिल्म इतिहासकार, लेखक और अभिलेख विशेषज्ञ एस एम एम औसजा ने कहा कि 'शोले' उन दुर्लभ घटनाओं में से एक है, जब फिल्म के हर विभाग ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, 'यह एक अनोखा मामला है जहां सब कुछ सही जगह और सही समय पर हुआ।

## खबर संक्षेप



झज्जर। शिविर में लोगों की नेत्र जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में 67 लोगों ने करवाई नेत्र जांच

**झज्जर।** मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप तथा रिलायंस फाउंडेशन द्वारा सीएसआर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के गांव निमाणा में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में 67 ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच कराई तथा निःशुल्क परामर्श एवं दवाइयां प्राप्त की। शिविर में सेवाएं देने वाले डॉक्टर सुनील दत्त ने बताया कि आंखों को स्वस्थ रखने में संतुलित आहार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी आंखों की नियमित सफाई और जांच पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि शिविर में 67 ग्रामीणों की जांच की गई जिनमें 34 ग्रामीणों को चश्में वितरित किए गए तथा दस लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन की सलाह दी गई। रिलायंस के सीएसआर हेड कर्नल रोमेल राज्याण ने बताया कि वर्ष 2025-26 में प्रोजेक्ट क्षेत्र के 10 विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें अब तक 1000 से अधिक ग्रामीणों की जांच कर उनमें निःशुल्क दवा वितरण भी किया गया है। प्रधान मलखान, पूर्व जिला पार्षद जगबीर उर्फ काला, रिलायंस की ओर से नीलम सिंह, चंचल, राजकुमार, अक्षय सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### युवाओं ने मौन मार्च निकालकर दिवंगत मनीषा को श्रद्धांजलि दी

# कैंडल मार्च निकाल युवाओं ने की मनीषा मामले की सीबीआई जांच की मांग

■ विद्यार्थियों ने भगत सिंह चौक पर एकत्रित होकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की







झज्जर। रोष प्रदर्शन निकालते हुए युवा, मौन मार्च के बाद अंबेडकर चौक पर एकत्रित युवा। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


शिक्षिका मनीषा मामले को लेकर मंगलवार को शहर के विभिन्न कोचिंग सेंटरों के विद्यार्थियों ने जहां सड़क पर उतरकर प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। वहीं शहर के भट्टी गेट में एक सौ से अधिक युवाओं द्वारा मौन मार्च निकालकर दिवंगत मनीषा को श्रद्धांजलि दी गई। दिन में हुए रोष प्रदर्शन में विद्यार्थियों ने भगत सिंह चौक पर एकत्रित होकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा उसके उपरांत जुलूस की शक्ल में नारे लगाते हुए वे छिक्कारा चौक तक पहुंचे। शाम करीब आठ बजे करीब डेढ़ सौ युवा भट्टी गेट के समक्ष एकत्रित हुए। इसके बाद वे हाथों में मोमबत्ती व मोबाइल जलाकर मौन मार्च निकालते हुए छिक्कारा चौक से होते हुए अंबेडकर चौक तक पहुंचे। यहां गौरव गुर्जर, आकाश, शिव सैनी, बादल कांगड़ा, अजय खन्ना, वंश कायत, गोलू वाल्मीकि, हरीश सैनी, अनिल सैनी, पवन गुर्जर, शिवम चावरिया, विकास उज्जैनवाल, गौरव, रोहित गुर्जर, योगेश, सोमबीर, शंकर कांगड़ा, रवि कायत, नवीन बागड़ी, पांडे गुर्जर, ब्रह्म आदि ने कहा कि प्रशासन पूरे मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंपी गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### रिटायर्ड कर्मचारी आज निकालेंगे मौन मार्च

**झज्जर।** भिवानी में हुई शिक्षिका मनीषा की मौत के मामले में रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्यों द्वारा बुधवार को मौन मार्च निकाला जाएगा। संघ के जिला प्रधान दिलबाग दलाल ने बताया कि सुबह दस बजे सभी कर्मचारी जलघर परिसर में एकत्रित होंगे जहां बैठक के बाद करीब बारह बजे जलघर से अंबेडकर चौक तक मौन मार्च निकाला जाएगा। मौन मार्च के दौरान मनीषा के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग भी सरकार से करेंगे।

### नागरिक मंच ने लाइनपार में किया प्रदर्शन

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के सुभाष नगर में नागरिक मंच बहादुरगढ़ की सह संयोजक संतोष की अगुवाई में महिलाओं व नागरिकों ने भिवानी के जघन्य मनीषा हत्याकांड पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने हत्यारों को अतिशीघ्र पकड़कर फास्ट ट्रैक कोर्ट से अपराधियों को उदाहरण मूलक सजा फांसी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि अपराध को रोकने के लिए सख्त से सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। पुलिस की कार्यप्रणाली गरीब जनता की पक्षधर नहीं है। नीलम, राजवंती, कमला, वेदो, मनीषा, मीना, विद्या, अन्नू, मोनिका, सुदेश कुमारी, राजेश, रामकिशन व हवा सिंह आदि ने कहा कि महिलाओं खासकर पढ़ने वाली लड़कियों पर इस तरह के हमले समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।



बहादुरगढ़। लाइनपार के सुभाष नगर में प्रदर्शन करते मंच सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# नागरिक मंच ने किया लाइनपार में प्रदर्शन



बहादुरगढ़। लाइनपार के सुभाष नगर में प्रदर्शन करते मंच सदस्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लाइनपार के सुभाष नगर में नागरिक मंच बहादुरगढ़ की सह संयोजक संतोष की अगुवाई में महिलाओं व नागरिकों ने भिवानी के जघन्य मनीषा हत्याकांड पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने हत्यारों को अतिशीघ्र पकड़कर फास्ट ट्रैक कोर्ट से अपराधियों को उदाहरण मूलक सजा फांसी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि अपराध को रोकने के लिए सख्त से सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। पुलिस की कार्यप्रणाली गरीब जनता की पक्षधर नहीं है। नीलम, राजवंती, कमला, वेदो, मनीषा, मीना, विद्या, अन्नू, मोनिका, सुदेश कुमारी, राजेश, रामकिशन व हवा सिंह आदि ने कहा कि महिलाओं खासकर पढ़ने वाली लड़कियों पर इस तरह के हमले समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

### नेशनल गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ी नकद पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि 38वें नेशनल गेम्स 2025 उत्तराखंड में जिला की तरफ से भागीदारी करने वाले खिलाड़ी नकद पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए खिलाड़ियों को खेल विभाग की वेबसाइट कैश अवार्ड मैनेजमेंट सिस्टम पर जाकर ऑनलाइन आवेदन भरना होगा।

### मनोज हत्याकांड में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सीआईए धारूहेड़ा ने मनोज हत्याकांड में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। गत 29 जुलाई को पुलिस को गांव मालपुरा से मऊ रोड पर एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया था। मौके पर सीन ऑफ क्राइम टीम को बुलाया गया था।

# उमंग प्रथम व मीनू रही द्वितीय



बहादुरगढ़। बादली कॉलेज की प्रतिभागी व विजेता स्वयंसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जीआईटीएम कबलाना में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा आयोजित "रेड रन" कार्यक्रम में बादली राजकीय महाविद्यालय की तीन वाईआरसी स्वयंसेवकों ने डॉ. मंजीत के साथ भाग लिया। बीए तृतीय वर्ष की उमंग ने प्रथम स्थान और मीनू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य मेजर आनंद कादयान ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ आशा वर्कर्स यूनियन चलाएगी जागरूकता अभियान



**झज्जर।** मंगलवार को शहर के मानसिंह स्मारक पर आशा वर्कर्स यूनियन द्वारा जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में किरण, प्रवेश, अनीता ने बताया कि आशा वर्कर्स यूनियन ने कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यूनियन द्वारा प्रदेशभर में आगामी एक सितंबर से 26 सितंबर तक कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए 25 अगस्त को शहर के रोहतक रोड स्थित चौधरी छोटूराम धर्मशाला में सेमिनार का आयोजन भी होगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से प्रदेश में लिंगानुपात लगातार नीचे गिरता जा रहा है जिसमें सुधार लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह अभियान चला रहा है। इसके लिए आशा वर्कर्स और आंगनवाड़ी वर्कर्स को गर्भवती महिलाओं के लिए सहेली भी नियुक्त किया है। मीटिंग के बाद आशा वर्कर्स द्वारा 25 अगस्त को होने वाले सेमिनार के संबंध में सीएमओ डॉक्टर जयमाला को निमंत्रण पत्र भी सौंपा गया।




झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं नव प्रवेशित विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### राजकीय महाविद्यालय दुजाना में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दुजाना में प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार की अध्यक्षता में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका प्रोफेसर रजनी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ -साथ महाविद्यालय में आयोजित होने वाली सभी साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए बल्कि प्रगतिशील दृष्टिकोण रखते हुए गलतियों से सीख हासिल करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के विभागध्यक्षों द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषयों के संबंध में जानकारी दी।

# नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

■ नशा घटने से अपराध भी कम होते है



बहादुरगढ़। कबीर बस्ती में लोगों को समझाते एसआई सत्यप्रकाश। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

झज्जर पुलिस की टीमें घर-घर जाकर आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक कर रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को एसआई सत्यप्रकाश की टीम ने कबीर बस्ती में लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिश्राप है। हमें इससे बचना चाहिए। अगर हमारे आसपास में कोई नशा करता है, तो हमें उसको समझना चाहिए। अगर वह फिर भी नशा नहीं छोड़ता, तो उसकी जानकारी पुलिस को दें। पुलिस ऐसे व्यक्तियों का सिविल अस्पताल के डॉक्टरों की सहायता से इलाज करवाएगी। इस मुहिम से जुड़कर अनेक युवा नशा छोड़ चुके हैं। नशा घटने से अपराध भी कम होते हैं। अपराध कम होने से समाज में शांति और भाईचारा बनता है।

# गंगा इंस्टीट्यूट में एचआईवी एड्स को लेकर मैराथन व जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

■ मैराथन के प्रतिभागियों को दिलाई एड्स जागरूकता की शपथ



झज्जर। शिक्षकों व विद्यार्थियों को एड्स के प्रति शपथ दिलाते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा मंगलवार को गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में एचआईवी एड्स के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत मैराथन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यखता संस्थान निदेशक प्रोफेसर अमन अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने मैराथन प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मैराथन में जिले के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं आईटीआई से सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लेते हुए लोगों को एचआईवी एड्स जागरुकता, नशा मुक्ति और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने कहा कि एचआईवी एड्स से बचाव के लिए जागरुकता ही सबसे बड़ा हथियार है। नशा युवाओं के जीवन को बर्बाद करता है। इसलिए सभी को इससे दूर रहना चाहिए। मुख्य वक्ता एड्स काउंसलर अंजू सुहाग ने विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को एचआईवी एड्स के प्रति शपथ दिलाई।

# एंटी रैगिंग सप्ताह का हुआ समापन



बहादुरगढ़। एंटी रैगिंग गतिविधियों में शामिल विद्यार्थी व स्टॉफ। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एमडी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एंटी रैगिंग सप्ताह का समापन हो गया। विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में आशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेमिनार के दौरान बीएड विद्यार्थियों द्वारा रैगिंग पर एक नाटक प्रस्तुत किया गया। कॉलेज सचिव रामनिवास छिल्लर, चेयरमैन एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ सीमा रानी व डॉ पूनम चौधरी ने रैगिंग के दुष्प्रभाव बताए। मंच संचालन अंजू ने किया। प्रिंसिपल डॉ सुरबाला पैकरे ने जीवन में कभी भी रैगिंग नहीं करने की शपथ दिलाई।



बेरी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

### एसडीएम ने विद्यार्थियों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

**बेरी।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को ब्रिगेडियर रणसिंह राजकीय महाविद्यालय दुजाना व राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में नशा मुक्ति, साइबर फ्रॉड, सड़क सुरक्षा व महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुजाना में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल ने कॉलेज में उपस्थित विद्यार्थियों व कॉलेज स्टाफ को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। एसडीएम ने कहा कि युवा वर्ग में नशा करने की बढ़ती प्रवृति बहुत गंभीर समस्या है। नशे से अपराधों में भी वृद्धि होती है। वहीं दूबलधन कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे, साइबर फ्रॉड, सड़क सुरक्षा और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरुक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो :हरिभूमि

### पुलिस ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक करने का अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को शहर के एक निजी स्कूल में यातायात समन्वयक सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से सुरक्षा, यातायात के नियमों का पालन व नशे के दुष्प्रभाव से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि जरा सी लापरवाही के कारण अक्सर लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं। इसलिए हमें किसी भी सूरत में बैंक खातों से संबंधित कोई भी जानकारी व पासवर्ड या ओटीपी किसी के साथ भी शेयर नहीं करने चाहिए। किसी के पास कोई अज्ञात मैसेज आता है, तो उस पर क्लिक नहीं करें। साइबर क्राइम का शिकार होने पर तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। हमें अपने समाज को नशे व साइबर क्राइम से बचाना है।

## खबर संक्षेप

### देशी कपास की खेती के लिए मिलेगा अनुदान

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा राज्य में देशी कपास की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को तीन हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। इसके लिए योजना के तहत आवेदन करने का बुधवार अंतिम दिन है। उन्होंने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा की ओर से इस चलाई जा रही इस योजना के तहत लाभ लेने के लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं।

### आज इनेलो की जनसभा अभय संबोधित करेंगे

**बहादुरगढ़।** बुधवार 20 अगस्त को इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला की जनसभा राठी फार्म हाउस में होगी। इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने कार्यकर्ताओं के साथ तैयारियों का जायजा लिया। मीडिया प्रभारी एडवोकेट विपिन प्रधान ने बताया कि जनसभा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि अभय चौटाला 25 सितंबर को रोहतक में पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की जयंती पर आयोजित सम्मान दिवस महारैली का न्यौता देंगे।

# 100 स्कूलों में होगी पहली से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग

## प्रत्येक खंड से बीस स्कूलों का चयन, प्रशस्त-एक के माध्यम से विकलांगता की प्रारंभिक जांच होगी

**यह पायलट परियोजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुरूप महत्वपूर्ण पहल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले के सभी पांच खंडों के प्राथमिक शिक्षकों के लिए एनसीआरटी द्वारा विकसित टूल प्रशस्त-एक के माध्यम से विकलांगता की प्रारंभिक जांच के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में झज्जर, बहादुरगढ़, बेरी, मातनहेल और साल्हावास खंड के प्राथमिक शिक्षकों ने भाग लिया। यह पायलट परियोजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुरूप एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सही पहचान कर समय पर सहायता प्रदान करना है। इस परियोजना के अंतर्गत जिले में एक सौ प्राथमिक विद्यालयों का चयन किया गया है, जिनमें प्रत्येक खंड से 20 विद्यालय शामिल हैं।


झज्जर। कार्यशाला में प्राथमिक शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक। फोटो : हरिभूमि

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने शिक्षकों को दिए संदेश में कहा कि प्रशस्त-एक सरल, कक्षा-आधारित जांच उपकरण है जो अदृश्य विकलांगताओं को दृश्यमान बनाता है।

उन्होंने शिक्षकों को सही ढंग से जांच करने और किसी भी बच्चे को शिक्षा के अवसर से वंचित न होने देने के लिए प्रेरित किया। जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि 20 से 27 अगस्त तक प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षक अपनी कक्षाओं के विद्यार्थियों की प्रशस्त-एक टूल के आधार पर जांच करेंगे और प्राप्त परिणामों को निपुण शिक्षक ऐप पर अपडेट करेंगे।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ में बहादुरगढ़ खंड से 58 प्रतिभागी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोच्छी में बेरी खंड से 24 प्रतिभागी, पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झज्जर में झज्जर खंड से 27 प्रतिभागी, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय मातनहेल में मातनहेल खंड से 26 प्रतिभागी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में आयोजित कार्यक्रम में साल्हावास खंड के 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया।


बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी से मुलाकात करते पूर्व अर्धसैनिकों के प्रतिनिधि।

# पूर्व अर्धसैनिकों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पूर्व अर्धसैनिकों के 9 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने सीआरपीएफ के पूर्व एडीजी एचआर सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से दिल्ली के हरियाणा भवन में मुलाकात की। साथ ही पिछले 10 सालों से गठित हरियाणा सेना/अर्ध सैनिक कल्याण विभाग में पूर्व अर्धसैनिकों की 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की।

अलॉइंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन महासचिव रणबीर सिंह ने बताया कि शहीदों के आश्रितों को मिलने वाली एक्स ग्रेसिया शहीद सम्मान राशि को बढ़ाकर 1 करोड़ रुपए करने पर सीएम का आभार जताया गया। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार हरियाणा में सेना के साथ अर्ध सैनिक कल्याण विभाग की स्थापना हुई। पूर्व एडीजी एचआर सिंह ने सीएम को तमाम समस्याओं से सिलसिलेवार अवगत करवाया। राज्य के पैरामिलिट्री शहीद जवानों के लिए हरियाणा में शहीद सम्मान स्मारक की मांग दोहराई गई। साथ ही करनाल, भिवानी, हिसार, झज्जर व नारनौल-महेंद्रगढ़ में सीजीएचएस डिस्पेंसरियां खोलने की गुहार लगाई। प्रतिनिधिमंडल में आईटीबीपी के पूर्व आईजी एसके शर्मा, बीएसएफ के पूर्व डीआईजी गजेंद्र चौधरी, एक्स कमांडेंट मुंशी राम शेखावत, मध्यप्रदेश अध्यक्ष जयेंद्र राणा, वीएस कदम, विनोद शर्मा व बिशन सिंह शामिल थे।


बहादुरगढ़। यूएचबीवीएन के एक्सईएन सचिन दहिया का स्वागत करते उद्यमी।

### उद्यमियों ने किया अधिकारियों का सम्मान

**बहादुरगढ़।** शहर के उद्यमियों ने फुटवियर क्लस्टर में आयोजित एक कार्यक्रम में बिजली निगम तथा पुलिस अधिकारियों का स्वागत-सम्मान किया। बीसीसीआई और एफडीआई द्वारा आयोजित बैठक में बिजली से संबंधित सभी समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई तथा उनके समाधान के लिए सुझाव भी दिए गए। बैठक में यूएचबीवीएन के कार्यकारी अभियंता सचिन दहिया समेत अन्य अभियंताओं व कर्मचारियों का स्वागत अभिनंदन किया। इसके साथ ही सेक्टर-16 और 17 के चौकी इंचार्ज का स्वागत भी किया गया। बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष सुभाष जग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास आनंद दहिया (सोनी), पवन जैन, केके सेठ, कंवर भान, विनोद जैन, प्रयाग अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, राजू गोयल व उत्सव सबरवाल आदि उपस्थित रहे।

### भदाना में विश्व फोटोग्राफी डे पर बनाया रेखाचित्र




**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने विश्व फोटोग्राफी डे पर विशाल रेखाचित्र बनाया। मुकेश शर्मा ने बताया कि विश्व फोटोग्राफी दिवस उन सभी फोटोग्राफर्स को समर्पित है जिन्होंने अपनी कला से दुनिया की खूबसूरती को कैमरे में कैद किया है। फोटोग्राफी और कुछ नहीं बल्कि लोगों के लिए अपनी हुनर दिखाने का एक मौका है। जो लोग अपनी बात शब्दों के जरिए बयां नहीं कर पाते उनके लिए फोटोग्राफी बहुत अच्छा विकल्प बन जाता है।

# मजदूर विरोधी नीतियों के विरुद्ध 4 को प्रदर्शन

■ 8 घंटे कार्य दिवस को 12 घंटे करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) की अखिल भारतीय कमेटी के आह्वान पर सरकार की मजदूर विरोधी व पूंजीपति-परस्त नीतियों के खिलाफ 4 सितंबर को देश की राजधानी में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें हरियाणा से आंगनवाड़ी, मिड-डे मील, आशा वर्कर, निर्माण व मनरेगा मजदूर, उद्योगिक मजदूर व कर्मचारी शामिल होंगे।

हरियाणा प्रदेश सचिव कॉमरेड हरिप्रकाश तथा जिला कमेटी सचिव सतीश कुमार ने बताया कि संघर्षों से हासिल अनेक श्रम कानूनों को खत्म करके भाजपा सरकार ने मजदूर विरोधी व मालिकपरस्त चार लेबर कोड बना दिए हैं। इनके माध्यम से श्रमिकों से उनके वैधानिक अधिकार छीन लिए। लेबर कोड लागू होने पर स्थाई नौकरी समाप्त करने के लिए अल्प अवधी रोजगार का प्रावधान ला रहे हैं। न्यूनतम वेतन समाप्त करने के लिए फ्लोर वेज की अवधारणा, 8 घंटे कार्य दिवस को 12 घंटे करने, रात्रि पाली में महिलाओं से डयूटी लेने, कारखाने की व्याख्या बदल कर लाखों मजदूरों को श्रम कानूनों के दायरे से बाहर करने, 300 से कम संख्या के श्रमिकों वाले उद्योगों में छंटनी, तालाबंदी, ले-ऑफ करने का अधिकार मालिकों को देने, सामूहिक सौदेबाजी व यूनियन बनाने, हड़ताल करने जैसे जनतांत्रिक व ट्रेड यूनियन अधिकारों को पंगू बनाया जा रहा है।

### श्रीराधा चरित्रामृत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 25 अगस्त से जहाजगढ़ में

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव जहाजगढ़ में आगामी 25 अगस्त से श्रीराधा चरित्रामृत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ किया जाएगा। गांव के प्राचीन श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में शुरू होने वाले इस ज्ञान यज्ञ की पहले दिन सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकली जाएगी।

**श्रीराधा रानी की कथा सुनाई जाएगी:** इसके बाद दोपहर एक बजे से सायं चार बजे तक कथा का आयोजन होगा। आयोजक समिति सदस्य महेश कुमार, डॉक्टर सुधन सोनी, वीरेंद्र, दिनेश, विजय शर्मा, केशव, नवीन आदि ने बताया कि श्रीराधा जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे इस पहले आयोजन में राधा-कृष्ण परिवार वृंदावन धाम से कथा व्यास श्रीदास विनोद हरि 31 अगस्त तक प्रतिदिन कथा श्रीराधा रानी की कथा का रसापान कराएंगे।

# चार साल में 16 बार की शिकायत फिर भी कार्रवाई नहीं : भरत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा करने, जमीन बेचने व जमीन किराए पर देकर अवैध वसूली करने की गंभीर शिकायतों पर बीते 4 वर्षों के दौरान कार्रवाई नहीं होने से शिकायतकर्ता निराश है। उन्होंने उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच एजेंसी से जांच करवाकर अविलंब दोषियों के विरूद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

शहर की एचएल सिटी में रहने वाले भरत सिंह के अनुसार उन्होंने तथ्यों, साक्ष्यों, सबूतों व दस्तावेजों के आधार पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर लिखित शिकायतें की हैं। बीते 4 साल में वे 16 बार प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों और 5 बार सीएम विंडो पर शिकायत दे चुके हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से निराश हैं। हालांकि इस दौरान प्राधिकरण के चीफ विजिलेंस अफसर द्वारा 15 बार रिमाइंडर भेजकर रिपोर्ट मांगी जा चुकी है, लेकिन इससे अधिक कोई प्रगति नहीं हुई। भरत सिंह ने एक अगस्त 2021, 27 सितंबर 2021, 24 जनवरी 2022, 18 नवंबर 2022, 5 दिसंबर 2022, 1 मार्च 2023, 11 मार्च 2023, 18 अप्रैल 2023, 5 मई 2023, 27 जुलाई 2023, 29 सितंबर 2023, 26 अक्टूबर 2023, 18 दिसंबर 2023, 9 मार्च 2024, 5 अगस्त 2024, 19 अगस्त 2024, 28 अक्टूबर 2024 और 1 जनवरी 2025 को इस संबंध में शिकायत की है। उन्होंने एक अगस्त 2021, 27 सितंबर 2021, 24 जनवरी 2022, 18 नवंबर 2022 और 30 जनवरी 2023 को सीएम विंडो पर भी शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



### विधायक ने गोशालाओं को सौंपे 16 लाख के चेक नूना माजरा की गोशाला को 6 लाख 21 हजार मिले


बहादुरगढ़। नूना माजरा गौशाला प्रबंधकों को चैक सौंपते विधायक राजेश जून।

**बहादुरगढ़।** हरियाणा सरकार क्षेत्र की गौशालाओं को मजबूती करने और गौ सेवा के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में विधायक राजेश जून ने सोमवार को नायब सरकार द्वारा भेजी गई 16 लाख रुपए से ज्यादा की सहायता राशि के चेक विभिन्न गौशाला प्रबंधकों को सौंपे। विधायक राजेश जून ने बताया कि गांव नूना माजरा में संचालित गौशाला को 6 लाख 21 हजार रुपए और जाखौदा स्थित गोधन सेवा समिति को 10 लाख एक हजार 50 रुपए की राशि जारी की गई है। गौशाला प्रबंधकों को सहायता राशि के चेक सौंपते हुए विधायक राजेश जून ने कहा कि नायब सरकार गौवंश के उचित संरक्षण व देखभाल के लिए निरंतर सहयोग कर रही है। गौशाला प्रबंधकों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विधायक राजेश जून का आभार जताते हुए कहा कि यह सहायता राशि गौसेवा को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगी। इससे गौशाला में गौवंश के चारे-पानी और रखरखाव की व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से की जा सकेंगी।

### राज्य स्तरीय जैवलिन थ्रो में एचडी के मंजीत ने जीता गोल्ड मेडल, ग्रुप सचिव विशाल नेहरा ने दी बधाई


झज्जर। शिक्षकों के साथ होनहार खिलाड़ी मंजीत। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** हरियाणा स्पोर्ट्स स्टेडियम फरीदाबाद में पैरा सब-जूनियर एफ-45 जैवलिन थ्रो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के खिलाड़ी मंजीत जाखड़ ने गोल्ड मेडल हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि उनके संस्थान के खिलाड़ी मंजीत जाखड़ ने अंडर -17 आयुवर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया। दसवीं कक्षा के छात्र मंजीत जाखड़ ने 32 मीटर भाला फेंकते हुए यह पदक जीता। अब मंजीत जाखड़ 29 अगस्त को ग्वालियर में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएगा। मंजीत की इस सफलता पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया, प्राचार्य सतबीर सिंह ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### स्वयं सेविकाओं ने लोगों को मानवता, सहयोग और निःस्वार्थ सेवा की भावना अपनाने का संदेश दिया


बहादुरगढ़। झुग्गियों में बिस्कुट वितरित करती स्वयंसेविका। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने विश्व मानवतावादी दिवस के अवसर पर मंगलवार को आमजन में बिस्कुट वितरित किए। स्वयंसेविकाओं ने लोगों को मानवता, सहयोग और निःस्वार्थ सेवा की भावना अपनाने का संदेश भी दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि मानवतावादी संकटों में अपनी जान गंवाई या दूसरों की सहायता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वालों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 19 अगस्त को विश्व मानवतावादी दिवस मनाया जाता है। स्वयंसेविकाओं की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भावी अध्यापिकाओं में संवेदनशीलता, सेवा भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**आए दिन हादसे की बनी रहती है आशंका**

# कबलाना की मुख्य सड़क पर बने गहरे गड्ढे, ग्रामीण और वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव कबलाना की मुख्य सड़क पर बने गहरे गड्ढों ने ग्रामीणों और राहगीरों का जीना दूभर कर दिया है। सड़क की जर्जर हालत के चलते न केवल स्थानीय लोग बल्कि इस मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों वाहन चालक भी परेशान हैं।

गांव के सरपंच प्रतिनिधि हंसबीर कोडान ने बताया कि यह समस्या पिछले करीब दो माह से बनी हुई है। मुख्य सड़क पर दो से तीन फुट तक के गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिनमें अक्सर वाहन फंस जाते हैं। स्थिति यह है कि साइकिल, बाइक और थ्री-व्हीलर चालकों का संतुलन बिगड़ने से कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है और रात के समय तो यह रास्ता और भी खतरनाक हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार इस समस्या को विभागीय अधिकारियों के सामने उठा चुके हैं। लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया।


झज्जर। कबलाना में मुख्य सड़क पर बने गड्ढे।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन को शिकायत भी दी थी, जिसके बाद सोमवार को गड्ढों में मिट्टी डालकर अस्थाई रूप से राहत दी गई। लेकिन भारी वाहनों और ओवरलोड गाड़ियों की आवाजाही के चलते सड़क फिर से धंसने लगी है।

झज्जर से बहादुरगढ़ का मुख्य मार्ग होने के कारण यहां से हर दिन सैंकड़ों वाहन गुजरते हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क को जल्द से जल्द पक्का बनवाया जाए, ताकि उन्हें समस्या से स्थायी निजात मिल सके। उनका कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी दिन कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

# भक्तों को आई विपदा को हर लेते हैं भगवानः नेकराम

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

टांडाहेड़ी में स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन की कथा में कथावक्ता पंडित नेकराम शास्त्री ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब-जब भक्तों पर विपदा आई है, प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। गत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया गया। कथावक्ता पंडित नेकराम शास्त्री के अनुसार शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई थी, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है।


बहादुरगढ़। मंगलवार को ध्यानपूर्वक कथा सुनती टांडाहेड़ी की महिलाएं।

### आज होगा हवन

बुधवार को हवन, कलश विसर्जन एवं भंडारे के साथ कथा संपन्न हो जाएगी। इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। पंडित जी ने गीता से कई उपदेश के माध्यम से सुंदर समाज निर्माण के लिए अनुरूप आचरण करने को प्रेरित किया।